मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-647**
**26/09/2026**

# मुख्यमंत्री राहत कोष में राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं भाजपा तथा जदयू विधानमंडल दल के सदस्यों ने दिया अंशदान, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना, 26 सितम्बर 2026 :– बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 03 लाख रुपये के सहयोग राशि का चेक मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार सिंह, विधायक श्रीमती स्नेहलता कुशवाहा एवं विधायक श्री माधव आनंद उपस्थित थे।

जदयू विधायक श्री रामसेवक सिंह, भाजपा विधायक श्री जीवेश कुमार एवं भाजपा विधान पार्षद श्री जनक राम ने अपने एक–एक माह के वेतन का चेक तथा पूर्व विधायक श्री ललित यादव ने अपने एक माह के पेंशन का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में मुख्यमंत्री को सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

*****